दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 06-09-2025

# सुविधाएं मिलने से कर्मी निष्ठा से कर पाते हैं काम: सीजे

## सीजे सिन्हा ने किया हाई कोर्ट परिसर में 80 नए आवासों का लोकार्पण



बिलासपुर| हाई कोर्ट परिसर, सेक्टर-2 बोदरी में कर्मचारियों के लिए बने 80 एच- टाइप आवासगृहों का शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने लोकार्पण किया। उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से चयनित कर्मचारियों को घरों की चाबी सौंपी।

इस मौके पर सीजे ने कहा कि किसी भी संस्था की असली शक्ति उसके कर्मचारी होते हैं। जब उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलती हैं तो वे पूरी निष्ठा से काम कर पाते हैं। हाईकोर्ट के पास ये आधुनिक आवास कर्मचारियों की बड़ी समस्या को दूर करेंगे और उनकी कार्यकुशलता भी बढ़ेगी। 5671.06 लाख रुपए से बने इन आवासों में पार्किंग, लिफ्ट, 2 बेडरूम, किचन, मल्टीपरपज रूम, यूटिलिटी स्पेस और दो बाथरूम जैसी सुविधाएं दी गई हैं। बता दें कि सीजे सिन्हा के कार्यभार संभालने के बाद से ही प्रदेशभर में न्यायिक अधोसंरचना मजबूत करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर स्थित हाई कोर्ट परिसर में यह नया आवास प्रोजेक्ट साकार हुआ। इस अवसर पर माननीय जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास, जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी, जस्टिस दीपक कुमार तिवारी, जस्टिस संजय कुमार जायसवाल, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल, जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा, जस्टिस बिभू दत्त गुरु और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद भी मौजूद रहे। अतिरिक्त रजिस्ट्रार एडमिनिस्ट्रेशन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल, न्यायिक अकादमी व विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारी आदि मौजूद रहे।